**अभिषेक कुमार यादव**
प्रदेश में द्वितीय स्थान
(इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2025)
सरस्वती विद्या मन्दिर इ0का0
रामसनेहीघाट





**शुभी वर्मा**
प्रदेश में सातवां स्थान
(इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2025)
सरस्वती शिशु मन्दिर इ0का0 तहसील
फतेहपुर

# अवध विहान

## डिजिटल पत्रिका

अंक—: नवत्रिशत् (39) पुष्प, अप्रैल 2025


**प्रकाशक**

**भारतीय शिक्षा समिति उ0प्र0**

**अवध प्रान्त**

सरस्वती कुन्ज निरालानगर, लखनऊ

# अवध—विहान

## संरक्षक

**मा. यतीन्द्र शर्मा जी**
अ.भा. सहसंगठन मंत्री
विद्या भारती

## मार्गदर्शक मण्डल

**मा. हेमचन्द्र जी**
क्षेत्रीय संगठन मंत्री
विद्या भारती पूर्वी उ0प्र0 क्षेत्र

**मा. हरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव जी**
अध्यक्ष
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. डॉ. महेन्द्र कुमार जी**
मंत्री
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. रामजी सिंह जी**
प्रदेश निरीक्षक
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. सुरेश कुमार सिंह जी**
सम्भाग निरीक्षक (सीतापुर सम्भाग)
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. अवरीश कुमार जी**
सम्भाग निरीक्षक (साकेत सम्भाग)
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

## सम्पादक मण्डल

### प्रधान सम्पादक

**डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह**
क्षेत्र प्रचार प्रमुख (विद्या भारती, पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र)

### सहसम्पादक

**श्रीमती निधि द्विवेदी**
प्रधानाचार्य
स.बा.वि.म..इ.का., सरस्वती नगर
रायबरेली

**श्रीमती शिप्रा बाजपेई**
प्रधानाचार्य
स.ध.स.वि.बा.इ.का.
लखीमपुर—खीरी

### विशेष सहयोग

**श्री इन्द्रेश कुमार शर्मा**
प्रान्त कम्प्यूटर संयोजक
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**श्री जितेन्द्र पाण्डेय**
प्रान्त सोशल मीडिया प्रमुख
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

# सम्पादक की कलम से –



प्रिय पाठको पत्रिका का यह अंक सभी के लिए खुशियों से भरा है क्योंकि जो भैया –बहन वर्ष भर परिश्रम करते हैं और परिणाम उनके अनुसार आता है तो वह भैया –बहन उनका परिवार, विद्यालय सभी मिलकर खुशियां मनाते हैं और यह पत्रिकाएं संदेश को समाज के सभी लोगों तक पहुंचाने का कार्य करती है। इस वर्ष एक भैया प्रदेश में दूसरे स्थान पर और एक बहन सातवें स्थान पर रहकर प्रांत का नाम रोशन किया है। इसी के साथ–साथ प्रांत के सभी प्रधानाचार्य अपनी योजनाओं में इस बात को प्राथमिकता से ले रहे हैं कि अगले वर्ष उनाक विद्यालय प्रदेश की मेरिट सूची में अपना नामांकित करें और पत्रिका एक बार पुनः यह खुशियां भरा समाचार समय–समय पर प्रसारित करें। यह योजना यदि सही ढंग से बनाई जाए और उसी के अनुरूप क्रियान्वित हो तो परिणाम भी अवश्य दिखाई देता है। गत वर्ष की योजनाओं की समीक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है जितनी अगले वर्ष की योजना क्योंकि यदि हम अपनी योजनाओं की समीक्षा नहीं करेंगे तो पिछली गलती पुनः दोहराई जाएगी और योजना सफल नहीं होगी । किसी भी कार्य की योजना की सफलता क्रियान्वयन पर टिकी होती है और योजना बनाने के लिए एक कुशल योजक का होना बहुत ही आवश्यक हैं। आशा है कि इस वर्ष भी योजना और योजना के क्रियान्वयन से अपनी पत्रिका के लिए एक विशेष अवसर प्राप्त हो।

**डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह**
**प्रधान सम्पादक**
**पं0 दीनदयाल उपाध्याय स.वि.म.इ.का.**
**लखीमपुर–खीरी**

# उन्नाव संकुल

## प्रान्तीय प्रधानाचार्य कार्ययोजना वर्ग सम्पन्न








स0वि0म0इ0का0गोपीनाथपुरम शुक्लागंज उन्नाव में 4 दिवसीय प्रान्तीय प्रधानाचार्य कार्ययोजना बैठक का उदघाटन सत्र का शुभारंभ माँ शारदे की वन्दना से हुआ। मा0 संगठन मन्त्री हेमचन्द्र जी ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित किया व उनके चरणों में पुष्प अर्पित किये , इस अवसर पर पूर्वी उ0प्र0 के प्रदेश निरीक्षक राम जी सिंह , संस्कृति बोध परियोजना के प्रान्तीय संयोजक व पूर्व प्रदेश निरीक्षक जन शिक्षा राजकुमार जी , सीतापुर सम्भाग के संभाग निरीक्षक सुरेश सिंह जी, साकेत सम्भाग के प्रदेश निरीक्षक अवरीश जी, प्रान्तीय परीक्षा प्रमुख अवधेश जी भी उपस्थित रहे व माँ सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रवण कुमार सिंह जी ने सभी मंचस्थ अतिथियों का परिचय कराया व प्रबन्धक राकेश कुमार जी ने श्रीफल व अंगवस्त्र से संगठन मंत्री जी का स्वागत किया। अपने उदबोधन में मा0 संगठन मन्त्री जी ने सभी प्रधानाचार्यो से पूरे वर्ष भर की कार्ययोजना तैयार करने की बात की उन्होंने कहा कि भैया बहिनों के सर्वांगीण विकास के लिए उनके शिक्षण हेतु दीर्घकालिक योजना व मासिक , साप्ताहिक और दैनिक कार्ययोजना तैयार करके ही हम उनका सर्वांगीण विकास व अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है । उन्होंने कहा कि



विद्या भारती एक बडी संस्था है और संस्था अनेकों व्यक्तियों को मिलाकर बनती है  और वह व्यक्ति एक दिशा में एक ही तरह के विचार लेके चलने वाले लोग होतें हैं ।  उन्होंने बताया कि 1952 में विद्याभारती की शुरुआत गोरखपुर पक्कीबाग में शिशु मन्दिर से हुई और आज एक विशाल वृक्ष के रूप में दुनिया के सामने है । विद्या भारती का उद्देश्य भैया बहिनों का बौध्दिक ,मानसिक ,आध्यात्मिक, नैतिक और सांस्कृतिक विकास करना है। सम्भाग निरीक्षक सुरेश सिंह जी ने सभी अभ्यागत अतिथियों का आभार प्रकट किया। वर्ग के तीसरे दिन प्रातः वन्दना सत्र में मा0 कौशल जी प्रान्त प्रचारक ने माँ वीणापाणि के चरणों में पुष्प अर्पित किया व दीप प्रज्ज्वलित किया इनके साथ में श्रीमान राम जी सिंह प्रदेश निरीक्षक अवधप्रांत , श्रीमान सुरेश सिंह जी सम्भाग निरीक्षक सीतापुर सम्भाग , श्रीमान अवरीश जी सम्भाग निरीक्षक साकेत सम्भाग , श्री राकेश कुमार जी प्रबन्धक स0वि0म0इ0का0गोपीनाथपुरम शुक्लागंज उन्नाव व श्री श्रवण कुमार सिंह जी प्रधानाचार्य स0 वि0म0इ0का0गोपीनाथपुरम शुक्लागंज उन्नाव ने भी मां वीणापाणी के चरणों में पुष्प अर्पित किया। विद्यालय के प्रबन्धक श्री राकेश कुमार जी ने मा0 प्रान्त प्रचारक जी को श्रीफल व अंगवस्त्रम से स्वागत व सम्मान किया । श्रीमान उत्तम जी संस्कृतबोध परियोजना के क्षेत्रीय संरक्षक जी ने मंचस्थ अतिथियों का परिचय कराया । अपने उदबोधन में मा0 कौशल जी ने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं




अतः हम 2 अक्टूबर 2025 को शताब्दी वर्ष मनाने जा रहे हैं । इस दिन प्रान्त ,जिला, खण्ड, व मण्डल स्तर तक पूर्ण गणवेश में एकत्रीकरण और पथसंचलन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही हर घर सम्पर्क अभियान का भी कार्यक्रम चलाया जाएगा । उन्होंने पंच परिवर्तन  का जिक्र किया जिनका क्रियान्वयन अगले वर्ष सितम्बर 2026 तक चलेगा। उन बिंदुओं में (1) कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक अस्पृश्यता (2) सामाजिक समरसता, (3) पर्यावरण संरक्षण,  पॉलीथिन पर रोक, (4)स्व जागरण , स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग (5) नागरिक कर्तव्य। इन सभी गतिविधियों पर कार्यक्रम चलाए जाएंगे क्योंकि समाज में विभिन्न विकृतियां फैल गई हैं । संस्कारों में दिनप्रतिदिन गिरावट आ रही है हमारे बाल संस्कारों से दूर हो रहे हैं अतः








हम विद्या भारती के विद्यालयों के माध्यम से भैया बहिनों को संस्कारक्षम बनाने का काम कर रहे हैं ।उ न्होंने बताया कि आज पूरे देश में लगभग 21514 विद्या भारती के विद्यालय चल रहे हैं जिनमें 7 महाविद्यालय भी हैं ।इन विद्यालयों में लगभग 153840 आचार्य हैं और लगभग 3533922 भैया बहिन इन विद्यालयों में अध्ययनरत हैं। यह एक गैरसरकारी संस्थान हैं किंतु पूरी जिम्मेदारी से संस्कारयुक्त और विद्वान छात्रों का निर्माण कर रहा है । मा0 प्रान्त प्रचारक जी ने जल संरक्षण , वृक्षारोपण व पॉलीथिन पर रोक , स्वदेशी अपनाने आदि पर विशेष रूप से कार्य करने पर जोर दिया । उन्होंने कहा कि इन कार्यों को पूरी योजना बनाकर समाज के सामने ले जांय और उनपर अमल करने के लिए कहें । अन्त में श्रीमान उत्तम जी ने मा0 कौशल जी का आभार प्रकट किया । विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के मंत्री श्री सौरभ मालवीय जी ने प्रधानाचार्य बन्धु/भगिनी को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यालय संजीव, गतिशील रूप से समृद्ध एक सामाजिक संस्था है। समाज के नैतिक, बौद्विक व अध्यात्मिक निर्माण में अपनी सशक्त भूमिका निभाता है। स0वि0म0इ0का0गोपीनाथपुरम शुक्लागंज उन्नाव में प्रान्तीय प्रधानाचार्य कार्ययोजना बैठक के चौथे दिन आज वन्दना सत्र में माँ ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी शारदे के चरणों मे श्रीमान राम जी सिंह प्रदेश निरीक्षक भारतीय शिक्षा समिति उ0प्र0 ने पुष्प अर्पित किया व दीप प्रज्ज्वलित किया । वन्दना के पश्चात श्री उत्तम कुमार जी संस्कृति बोध परियोजना के क्षेत्रीय संयोजक ने सभी मंचस्थ अतिथियों का परिचय कराया । विद्यालय के प्रबन्धक श्री राकेश कुमार जी ने मा0 प्रदेश निरीक्षक जी को श्रीफल व अंगवस्त्रम से स्वागत व सम्मान किया । आज वर्ग के चौथे दिन सभी प्रधानाचार्यों को सम्बोधित करते हुए श्री सुरेश सिंह जी सम्भाग निरीक्षक सीतापुर सम्भाग ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने जो विद्या भारती के रूप में जो कार्य हमें सौंपा है उसे बड़ी ही जिम्मेदारी के साथ हमें आगे बढ़ाना है । सम्भाग निरीक्षक जी ने कहा कि शिक्षा और संस्कार ही हमारी पहचान है ।उन्होंने बताया कि हमारे अग्रजों ने शुरुआत में बहुत अधिक परिश्रम व ईमानदारी के साथ विद्या भारती को आगे बढ़ाने में काम किया है और अब हमारी यह नैतिक जिम्मेदारी है कि हम सभी लोग इस जिम्मेदारी के लिए दृढ़ संकल्पित हों ।उन्होंने अपने वक्तव्य में आगे कहा कि आज हमारी पहचान विद्यालय के स्वरूप ,संस्कार , शिक्षा ,अनुशासन, विद्यालय का वातावरण , सम्बोधन ,व्यवहार ,मर्यादित संसदीय भाषा और अपनी वेशभूषा है । इस लिये कभी – कभी हम समाज को विद्यालय दिखाने के लिए विद्यालय में लाते हैं और कभी – कभी विद्यालय को समाज में ले जाना पड़ता है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम समाज में विद्यालय की पहचान बनाता है । उन्होंने ने अपने वक्तव्य में आगे कहा कि विद्यालय में हर समय सतर्कता की आवश्यकता होनी चाहिए जिससे कि किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके । अतः आदि , मध्य ,और अवसान के समय हमारी जिम्मेदारी अधिक






बढ़ जाती है । शिशु वाटिका व शिशुमन्दिर के आचार्यों को भी इसी विषय पर श्रीमान अवरीश जी सम्भाग निरीक्षक साकेत सम्भाग ने सम्बोधित किया उनका सहयोग श्रीमान सुरेशमणि जी ने किया । श्रीमान सुरेशमणि जी ने कहा कि आजकल भैया बहिन आचार्यों को सर व आचार्या बहिनों को मैम कहकर बुलाते हैं जो कि विद्या भारती इसे स्वीकार नहीं करती है विद्यालय में आचार्य , आचार्या दीदी व भैया बहिन जैसे शब्दों का उच्चारण करना चाहिए ।इससे मर्मस्पर्शी भाव उत्पन्न होता है ।विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्री श्रवण कुमार सिंह जी ने प्रांत के आये सभी प्रधानाचार्यों व प्रधानाचार्या दीदियों को अंगवस्त्रम से स्वागत व सम्मानित किया । विद्यालय के प्रबन्धक श्री राकेश कुमार जी ने भी प्रधानाचार्य बन्धुओं को अंगवस्त्रम से स्वागत किया । अन्त में श्रीमान उत्तम कुमार जी ने सभी का आभार प्रकट किया ।

# लखनऊ संकुल

## पृथ्वी दिवस का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया





लखनऊ, पृथ्वी दिवस कार्यक्रम सरस्वती विद्या मन्दिर सीनियर सेकेण्डरी स्कूल सेक्टर क्यू व सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज, निरालानगर लखनऊ में मनाया गया। सेक्टर क्यू में आयोजित कार्यक्रम में नन्हे मुन्नों ने धरती को बचाने और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया । कार्यक्रम में विद्यालय के कोषाध्यक्ष श्रीमान के . आर कनोजिया, प्रांत शिक्षा सेवा प्रमुख श्री सुरेश मणि सिंह तथा प्रधानाचार्य श्री संतोष कुमार सिंह ने बृक्ष लगाकर संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व आचार्य श्री सुरेश मणि सिंह जी का विदाई समारोह भी आयोजित किया गया। 36 वर्ष की निर्बाध सेवा के बाद 31 मार्च को सेवा निवृत हुए श्रीमान सुरेश जी



को यथा सम्भव उपहार ,प्रशस्ति पत्र आदि देकर सम्मानित किया गया ।पृथ्वी दिवस कार्यक्रम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज निराला नगर लखनऊ में वंदना सभा में पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया जिसमें बड़े ही धूमधाम से इसे मनाया गया जिसमें कई भैया बहनों ने पर्यावरण और पृथ्वी के महत्व के बारे में किस प्रकार से पृथ्वी की रक्षा की जाए यह बताया तथा प्लास्टिक के प्रयोग को बंद करना चाहिए यह भी बताया। इसके संयोजक आचार्य श्रीमान अनुज शर्मा ने भी इस विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये जिसमें उन्होंने यह बताया कि पर्यावरण ,पृथ्वी, ऊर्जा तथा जितने भी संसाधन हैं उनकी रक्षा करनी चाहिए ताकि मानव समाज, जीव– जंतु इत्यादि जीवित रह सकें। इस पवित्र अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य माननीय श्री दुर्गेश चंद्र पांडे जी ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये, जिसमें उन्होंने बताया कि पृथ्वी हमारी मां है हम उसकी संतानें हैं और हमें अपने माता की तरह पृथ्वी की रक्षा करनी चाहिए , उसका हमेशा ध्यान रखना चाहिए तथा अपने–अपने जन्मदिन पर एक वृक्ष जरुर लगाया जाए इसका संकल्प लेना चाहिए। इस कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक श्री रामतीर्थ वर्मा जी एवं सभी भैया बहन, आचार्य एवं आचार्या दीदी उपस्थिति रहीं।

# अयोध्या संकुल

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में पुरस्कृत हुए भैया-बहन




विद्या मंदिर रामनगर के भैया बहन गौ सेवा अयोध्या महानगर द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम मां सरस्वती के समक्ष श्री चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव विभाग



संयोजक गौ सेवा अयोध्या तथा अनिल कुमार मिश्रा जिला संयोजक के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ प्रारंभ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य मंगली प्रसाद तिवारी जी ने अतिथियों का परिचय एवं स्वागत कराया। पुरस्कृत बहन दिव्यांशी मिश्रा को द्वितीय स्थान तथा भैया सूर्यांश सिंह को तृतीय स्थान जिले में प्राप्त हुआ। इसके लिए गौ सेवा समिति द्वारा प्रोत्साहन राशि, पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र देकर सभी भैया बहनों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की बहने श्रद्धा, साक्षी , शोभा, सोनी, शालिनी सिंह आदि तथा आचार्य विश्वनाथ, रामभद्र जोशी, अजय सिंह, अजय उपाध्याय , आदि उपस्थित रहे ।

# सीतापुर संकुल



## दक्षता वर्ग सम्पन्न



सरस्वती शिशु मंदिर पुरवारी टोला बिसवां सीतापुर में मां सरस्वती की वंदना के पश्चात भगवान परशुराम की जयंती का कार्यक्रम मनाया गया , इस कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिशुभारती प्रमुख आचार्य श्री पुष्पेंद्र आचार्यजी ने किया, कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विद्यालय के आचार्य श्री राकेश दीक्षितजी , श्री तोताराम पांडेयजी , श्रीयमुना प्रसाद पांडेयजी , आचार्या बहिन श्रीमती शिखा तिवारीजी आदि ने भगवान परशुरामजी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला , अंत में विद्यालय के व्यवस्था प्रमुख आचार्य श्री महेश कुमार मिश्रजी ने हम लोगों का मार्गदर्शन किया । इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य बंधु / आचार्या बहनों की सहभागिता रही , कार्यक्रम का समापन कल्याण मन्त्र के साथ किया गया , तत्पश्चात विद्यालय का दक्षता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें तिष्ठ योग , आसन , प्राणायाम का अभ्यास कराया गया ।

# सत्रारम्भ कार्यक्रम सम्पन्न



सरस्वती बालिका विद्या मंदिर पुरवारी टोला बिसवां सीतापुर में सत्रारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का प्रारंभ माननीय व्यवस्थापिका जी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में माता सरस्वती की वंदना के पश्चात सुंदरकांड का पाठ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रबंध समिति की व्यवस्थापिका श्रीमती किरण सिंघल जी,उपाध्यक्ष श्रीमती शांति शर्मा जी, सदस्या श्रीमती श्वेता अरोरा जी, विद्वत परिषद प्रमुख श्री रुपेश अवस्थी जी एवं अनेक,अभिभावक बंधु एवं माताएं उपस्थित रही। पंडित श्री शिवानंद दीक्षित जी के द्वारा हवन पूजन विधि विधान पूर्वक संपन्न किया गया। मां अंबे की आरती के पश्चात सभी को प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।



# लखीमपुर संकुल



## विद्या पंच प्रण से ही हमारा राष्ट्र श्रेष्ठ बनेगा – शेषधर द्विवेदी



'सनातन धर्म सरस्वती विद्या मन्दिर बालिका इंटर कॉलेज, मिश्राना, लखीमपुर खीरी में वन्दना वेला में अतिथि के रूप में विद्या भारती के काशी प्रांत के प्रदेश निरीक्षक श्री शेषधर द्विवेदी जी का आगमन हुआ। सर्वप्रथम माँ सरस्वती की वन्दना एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। विद्यालय की यशस्वी प्रधानाचार्य श्रीमती शिप्रा बाजपेई जी ने अतिथियों का परिचय कराया। छात्राओं को सम्बोधित करते हुए श्री शेषधर द्विवेदी जी ने संगठन के पंच प्रण के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि पंच प्रण अर्थात् सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व का बोध एवं नागरिक कर्तव्यों का पालन कर अपने राष्ट्र को विश्व में सर्वश्रेष्ठ बनाएंगे। ऊँच–नीच, जात–पात का भेदभाव हटाकर सामाजिक समरसता से सभी को एकता के सूत्र मे पिरोना है। नागरिक कर्तव्यों के प्रति सदैव सजग रहना है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्धक श्री चन्द्र भूषण साहनी जी ने माननीय अतिथि के प्रति विद्यालय परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया।

# छात्र संसद व कन्या भारती का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



विद्या भारती विद्यालय पं0 दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज (यू.पी.बोर्ड), लखीमपुर में आज छात्र संसद का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्री डी० एन० मालपानी जी (पूर्व प्राचार्य युवराज दत्त महाविद्यालय लखीमपुर खीरी), कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री जितेंद्र साहनी जी (पूर्व नगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी) तथा सामाजिक कार्यकर्ता श्री राजेश दीक्षित एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह जी नें मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर किया। विद्यालय के छात्र संसद प्रमुख आचार्य श्री सर्वेन्द्र अवस्थी जी नें बताया कि विद्यालय में 96 सांसद हैं। जिनका चुनाव 24 अप्रैल 2025 को विद्यालय में हुए मतदान द्वारा हुआ। भैया फ्रैंक सिंह को प्रधानमंत्री, भैया रुद्र श्रीवास्तव उप प्रधानमंत्री, आर्यन वर्मा को प्रधान अनुशासक, सिद्धार्थ मिश्रा को उपप्रधान अनुशासक चयनित किया गया एवं बहन लवी मिश्रा को कन्या भारती का प्रधानमंत्री , बहन आराध्या सिंह को कन्या भारती का उप प्रधानमंत्री, बहन अनुश्री मिश्रा का कन्या भारती के सेनापति के रूप में निर्विरोध चयन किया गया आज इन सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जी ने बताया कि इस विद्यालय प्रांगण में आकर मैं अति प्रसन्न हूँ। मैं कई विद्यालयों में जाता रहता हूँ परन्तु यह विद्यालय संस्कार, संस्कृति में अन्य विद्यालयों से अलग है। आप जो भी कार्य करें अपने पूरे दिल से करें। चाहे फोटोग्राफर बनें, चित्रकार बनें या खिलाड़ी बनें लेकिन अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के बनें। अपनी सभी समस्याओं को समाप्त करने के लिए स्मार्टफोन को अपने छात्र जीवन से बाहर निकाल दें। विशिष्ट अतिथि जी नें कहा कि सभी सांसदों को अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए कर्तव्य पालन ही धर्म है और धर्म पालन ही सभी समस्याओं का हल है। विद्या भारती के छात्र देश के प्रति निष्ठा व कर्तव्य का पालन करते हैं यह संसद भविष्य के लोकतन्त्र की नींव है इनमें से कुछ भैया आगे चलकर हमारे देश को चलायेंगे तथा हमारे जिले का नाम सम्पूर्ण विश्व में रोशन करेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं छात्र संसद अध्यक्ष डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह जी नें सभी छात्र सांसद भैयाओं को शुभकामनाएं और आशीर्वाद देते हुए सभी अतिथियों का आभार ज्ञापित किया।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य श्रीमान हिमांशु रस्तोगी जी ने किया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# हवन पूजन के साथ प्रारम्भ हुआ नवीन सत्र








विद्यालय में नवीन सत्र के शुभारम्भ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय प्रबन्ध समिति की सदस्य श्रीमती नूतन गुप्ता जी एवं प्रधानाचार्य श्रीमती शिप्रा बाजपेई जी द्वारा ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती की वन्दना एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्य, आचार्य/आचार्याओं एवं छात्राओं द्वारा हवन का आयोजन कर सभी के कल्याण की भावना एवं स्वस्थ व सम्पन्न राष्ट्र की मंगल कामना की गई। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती शिप्रा बाजपेई जी ने छात्राओं तथा आचार्य/आचार्याओं को नवीन सत्र हेतु शुभकामनाएं दीं। छात्राओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सत्र का पहला दिन अत्यन्त महत्वपूर्ण होता है। आज से ही लक्ष्य निर्धारित कर अपना शत–प्रतिशत शिक्षा प्राप्त करने में लगाएं एवं सफलता की ऊँचाईयाँ प्राप्तकर समृद्ध व स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें।

# दन्त परीक्षण सम्पन्न हुआ





सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज, लखीमपुर–खीरी में विद्या भारती योजना के अनुसार जूनियर की छात्राओं का दन्त परीक्षण कर उचित मार्गदर्शन कराया गया। स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम में दंत रोग विशेषज्ञ डा0 प्रारूप मेहता जी एवं डा0 मेघना सेठ मेहता जी ने प्रोजेक्शन जैसी अग्रिम तकनीकी शिक्षा के माध्यम से जागरुक किया एवं दंत परीक्षण करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान किया। दंत परीक्षण कार्यक्रम में लगभग 200 छात्राओं की भागीदारी रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की चिकित्सा प्रमुख आचार्या नेहा शर्मा जी ने विशेष योगदान दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपाई जी ने बताया कि दाँतों की देखभाल से केवल दाँत ही स्वस्थ नहीं होते बल्कि हमारा पूरा शारीरिक स्वास्थ्य उत्तम रहता है। प्रधानाचार्य जी ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर में आचार्य दक्षता वर्ग संपन्न, शिक्षकों ने प्राप्त किया विविध विषयों का प्रशिक्षण




विद्या भारती की प्रांतीय योजना के तत्वावधान में, पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज यू.पी.बोर्ड व सीबीएसई बोर्ड में विद्यालय स्तरीय आचार्य दक्षता वर्ग का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्यों (शिक्षकों) ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न महत्वपूर्ण शैक्षणिक विषयों पर गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया। आचार्य दक्षता वर्ग का उद्देश्य शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण पद्धतियों और विद्यालय की गतिविधियों के प्रभावी संचालन के लिए तैयार करना था। इस क्रम में सीबीएसई में प्रातः स्मरण, एकात्मता स्तोत्र, वंदना–प्रार्थना, वार्षिक गीत, इंग्लिश स्पीकिंग, एल.टी.एम. (लर्निंग व मेकिंग), और जॉयफुल लर्निंग जैसे विषयों पर विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में अमित सिंह प्रभारी सीनियर सेकेंड्री; आशीष वाजपेई प्रभारी हायर सेकेंड्री; सर्वेश तिवारी प्रभारी जूनियर; और प्राची तिवारी प्रभारी प्राइमरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण सत्रों की शुरुआत वरिष्ठ आचार्य संजय द्विवेदी द्वारा प्रातः स्मरण के महत्व और उसे प्रभावी ढंग से कराने की विधि के प्रशिक्षण से हुई। इसके पश्चात, आचार्य अभिषेक ने एकात्मता स्तोत्र के अर्थ और उसके पाठ के महत्व पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए, वरिष्ठ आचार्य ओमप्रकाश और आचार्या बहन अर्चना बरनवाल ने संयुक्त रूप से वंदना और प्रार्थना के सही उच्चारण और उसके आध्यात्मिक महत्व पर प्रशिक्षण दिया। वार्षिक गीत के प्रशिक्षण

सत्र में प्राची तिवारी और अंजना तिवारी ने शिक्षकों को गीतों के चयन और गायन की प्रभावी तकनीकों से अवगत कराया। अंग्रेजी भाषा के महत्व को देखते हुए, स्वाति गुप्ता और के के पी सोनी ने इंग्लिश स्पीकिंग के विभिन्न पहलुओं पर शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। एल.टी.एम. (लर्निंग व मेकिंग) की नवीन शिक्षण पद्धति का प्रशिक्षण आकांक्षा गुप्ता और विकास मिश्रा द्वारा दिया गया, जिसमें उन्होंने करके सीखने के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में आचार्य सी पी मौर्य ने जॉयफुल लर्निंग (आनंददायी शिक्षा) के सिद्धांतों और कक्षा में इसे लागू करने के तरीकों पर रोचक और प्रभावी प्रशिक्षण प्रदान किया। समस्त कार्यक्रम का कुशल संचालन और पर्यवेक्षण वरिष्ठ आचार्य संजय द्विवेदी जी द्वारा किया गया, जिनके मार्गदर्शन में यह दक्षता वर्ग सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से विद्यालय के शिक्षकों को नई ऊर्जा और दिशा मिली है, जिससे वे छात्रों को और अधिक प्रभावी ढंग से शिक्षित करने में सक्षम होंगे।










पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज (यूपी बोर्ड ) में कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रथम सहायक श्रीमान कुन्तीश अग्रवाल जी एवं दक्षता प्रमुख आचार्य श्रीमान राजेंद्र प्रसाद ओझा जी ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पार्चन कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य श्री राम प्रकाश अवस्थी जी ने प्रातः स्मरण,श्री प्रमोद मिश्रा जी ने एकात्मता स्तोत्रम्‌,श्री अजय तिवारी जी ने समाचार वाचन ,श्री शिव मुनीश मिश्रा जी ने पंचांग , श्री आशीष मोहन बाजपेई जी ने प्रेरक प्रसंग,श्री सर्वेन्द्र अवस्थी जी ने वंदना, श्री विजय श्रीवास्तव जी ने विद्या भारती का लक्ष्य, श्री आलोक मिश्रा जी ने विद्या भारती के आयाम,तथा श्री देवानंद पांडे जी ने आदर्श शिक्षण प्रस्तुत किया कार्यक्रम का संचालन आचार्य दक्षता प्रमुख आचार्य श्री राजेंद्र प्रसाद ओझा जी ने किया तथा अंत में विद्यालय के प्रथम सहायक श्री कुन्तीश अग्रवाल जी ने सभी की सुंदर प्रस्तुति के लिए आभार ज्ञापित किया इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।



# भैया–बहनों की सुलेख प्रतियोगिता सम्पन्न

विद्याभारती विद्यालय सनातन धर्म सरस्वती शिशु मंदिर मिश्राना, लखीमपुर खीरी में कक्षा 1 से 5 तक के छात्र–छात्राओं हेतु अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। माँ शारदा की प्रार्थना के पश्चात सभी कक्षाध्यापकों ने अपनी–अपनी कक्षाओं के प्रथम दो पीरियड में छात्र–छात्राओं से अंग्रेजी की पुस्तक से पूर्व निर्धारित अनुच्छेद लिखवाया तथा सभी छात्र–छात्राओं का अक्षर गठन, स्वच्छता, विराम चिह्न, स्वर एवं प्रभाव के आधार पर मूल्यांकन कर वरीयता क्रम में प्रथम 6 छात्र–छात्राओं के नाम प्रतियोगिता संयोजक श्री विजय शंकर तिवारी को भेजे। संयोजक ने दोनों निर्णायकों उपप्रधानाचार्य श्री ज्ञानेंद्र कुमार बाजपेयी जी एवं पूर्व शिक्षक श्री हेम नाथ सिंह जी के मार्गदर्शन में प्रत्येक छात्र–छात्रा की कॉपियों का पुनः मूल्यांकन कर कक्षावार प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना स्थान घोषित किया। विद्यालय की प्रबंध समिति ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत करने की घोषणा की।




# विद्यालय में मनाया गया शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम

विद्या भारती विद्यालय सरजू सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज बेलरायां में विद्यालय स्तर पर प्रधानमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान अजीत सिंह जी,विद्यालय के प्रबंधक श्रीमान उत्तम कुमार सोनी जी,श्री श्याम सुंदर पांडेय जी (प्रबंध समिति सदस्य), श्री सुरेश कुमार(विद्वत परिषद सदस्य) ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पार्चन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान अजीत सिंह जी ने मंचस्थ अतिथियों का परिचय व वंदना प्रमुख बहनों द्वारा तिलक– अक्षत, बैज लगाकर स्वागत किया गया। श्रीमान प्रधानाचार्य जी द्वारा शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम की प्रस्ताविकी प्रस्तुत की गई। भारत एक लोकतांत्रिक देश है,विद्यालय के भैय्या/बहनों में सहयोग की भावना व नेतृत्व क्षमता विकसित हो, इस निमित्त विद्यालय स्तर पर विद्यालय में छात्र संसद का गठन किया गया। छात्र संसद के चयनित सांसदों के द्वारा निर्वाचन कराकर विद्यालय के प्रधानमंत्री का चयन हुआ। श्री श्याम सुन्दर पांडेय जी ने चयनित सांसदों को शपथ ग्रहण कराई, श्रीमान उत्तम कुमार सोनी जी ने प्रधानमंत्री भैय्या को शपथ ग्रहण कराई। श्रीमान सुरेश कुमार जी ने कन्या भारती की अध्यक्षा बहन को शपथ ग्रहण कराई। श्रीमान उत्तम कुमार सोनी जी ने सभी निर्वाचित भैय्या/बहनों को शुभकामनाएं दी। वरिष्ठ आचार्य श्री पवन कुमार सिंह जी ने सम्मानित मंच का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन श्री रजनीश कुमार मिश्र जी ने किया। इस अवसर पर समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहा।

# बहराइच संकुल




## पृथ्वी दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया



सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज माधवपुरी में आदरणीय प्रधानाचार्य श्री विजय बहादुर सिंह जी के दिशा निर्देश पर विश्व पृथ्वी दिवस –थीम हमारी शक्ति हमारा ग्रह के शुभ अवसर पर श्री राजेंद्र प्रसाद मिश्र जी प्रवक्ता हिन्दी, ऋषि शंकर शर्मा प्रवक्ता भौतिक विज्ञान,श्री अनूप कुमार गुप्ता जी व्यवस्था प्रमुख जी ने सभी भैया / बहनों को विश्व पृथ्वी दिवस मनाने की आवश्यकता, जल संरक्षण,पर्यावरण संरक्षण आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं के विषय में बताया। विश्व पृथ्वी दिवस को अपने चार्ट के माध्यम से सजीवता देने वाले भैया बहनों को,वरिष्ठ आचार्य श्री वेद प्रकाश मिश्र जी, श्री जितेंद्र बाजपेई जी प्रवक्ता जीव विज्ञान, बहन स्वाति जी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।तत्पश्चात व्यवस्था प्रमुख श्री अनूप कुमार गुप्ता जी ने दो बहनों और एक भैया के जन्मदिवस पर उन्हें शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर सभी सम्मानित आचार्य बंधु/आचार्या बहनें एवं सभी भैया/बहन उपस्थित रहे।

# रायबरेली संकुल




## सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इण्टर कालेज रायबरेली में सम्पन्न विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियां









# बाराबंकी संकुल

## बहन शुभी वर्मा ने प्रदेश की वरीयता सूची में प्राप्त किया सातवां स्थान



सरस्वती शिशु मन्दिर इण्टर कालेज, तहसील फतेहपुर की बहन शुभी वर्मा ने माध्यमिक शिक्षा परिषद की इण्टरमीडिएट की परीक्षा में प्रदेश की वरीयता सूची में सातवां स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने शुभी वर्मा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





# भैया अभिषेक कुमार ने प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर नाम रोशन किया



भैया अभिषेक कुमार यादव पुत्र श्री संतोष कुमार यादव ग्राम अशरफपुर गंगरेल के निवासी हैं। यह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रामसनेहीघाट के मेधावी छात्र हैं। इन्होंने इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2025 में प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने माता–पिता, विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्या भारती द्वारा आयोजित प्रतिभा खोज परीक्षा में भी प्रांत में 2022–23 में प्रथम स्थान प्राप्त किया था, जिसके लिए भैया को लगातार 2 वर्ष  पांच ₹5000 की छात्रवृत्ति प्राप्त हुई है।  विद्यालय में कक्षा नाम से ही भैया का शुल्क मुक्त है।

# अम्बेडकर नगर संकुल




## नवीन सत्र का शुभारम्भ किया गया

विद्या भारती विद्यालय विवेकानन्द शिशु कुञ्ज सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल एनटीपीसी टाण्डा अम्बेडकरनगर में नए सत्र (2025–26) का प्रारम्भ हवन पूजन के साथ हुआ। विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्रीमान वीरेन्द्र कुमार वर्मा जी ने सपत्नीक यजमान की भूमिका में पूरे विधि विधान से हवन पूजन किया। सर्वप्रथम पूजन हुआ इसके पश्चात श्री सुन्दरकाण्ड एवं हवन का आयोजन किया गया। श्री सुन्दरकाण्ड का पाठ आचार्य राम जी, सत्य प्रकाश जी, सीता राम जी, प्रवीण मिश्र जी, राम सूरत जी, वेद प्रकाश जी, आचार्या बहन रीना जी, ममता जी, आदि ने लयबद्ध कराया। विद्यालय के आचार्य श्री हरिदेव शुक्ला जी ने पूरे विधि विधान से पूजन कराया। हवन के पश्चात आचार्या बहन मोनिका जी, शैलजा जी रंजना जी, रीना जी, एवं मैया कुसुम, आदि ने भजन व गीतों के माध्यम से शमां बाँधा। जिसमे विद्यालय की छात्रा बहनों ने भी बढ़ चढ़कर सहभाग किया। श्री रामायण जी, श्री गणेश जी, हनुमान जी, अम्बे मैया, सरस्वती माता जी आदि दिव्य शक्तियों का आह्वान आरती के माध्यम से किया गया। देव आरती में विद्यालय के प्रधानाचार्य सपत्नीक, सभी आचार्य आचार्या बहनें, सभी भैया बहनों और समस्त कर्मचारी भैया व मैया जी ने सहभाग किया। सांस्कृतिक गीत भजन गायन के पश्चात प्रसाद वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य /आचार्या बहनें एवं भैया/ बहन उपस्थित रहे।

# गोण्डा संकुल




## पृथ्वी दिवस का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया

अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान सरस्वती विद्या मंदिर माधावपुरम बड़गांव मे पृथ्वी दिवस का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की बहन शगुन शुक्ला , वैष्णवी तिवारी, माही शुक्ला, खुशी, साक्षी ,भैया कार्तिकेय आदि अनेकों भैया बहनों ने अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी आचार्य अमित श्रीवास्तव जी ने पृथ्वी दिवस पर भैया बहनों के सम्मुख विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पृथ्वी दिवस को मनाए जाने का प्रमुख उद्देश् पर्यावरण को संरक्षित करना है कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सुरेश चंद्र पांडे जी ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए।

## छात्र संसद कन्या भारती शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



सरस्वती विद्या मंदिर, साहबगंज, बड़गांव, गोंडा में वंदना सभा में विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्री सुरेश चंद्र पाण्डेय जी के नेतृत्व में छात्र सांसद एवं कन्या भारती शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ । इस कार्यक्रम में विद्यालय के कोषाध्यक्ष श्रीमान ओम प्रकाश शुक्ला जी व प्रबंध समिति के सदस्य श्रीमान राजा बाबू गुप्ता जी के द्वारा प्रधानमंत्री एवं अन्य सांसद के सदस्य ,मंत्री को शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी भैया /बहन एवं आचार्य /आचार्य बंधु उपस्थित रहे।

# हरदोई संकुल

## शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम




सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर का उत्तर प्रदेश बोर्ड द्वारा जारी हाई स्कूल परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विष्णुपुरी हरदोई में सत्र–2024–25 में सम्मिलित भैया–बहनों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। हाई स्कूल में विद्यालय स्तर पर प्रथम दस स्थान प्राप्त भैया बहिनों में प्रथम स्थान पर पार्थ सारथी (93.83%), दूसरे स्थान पर आदित्य सिंह (92.83%), तीसरे स्थान पर आकांक्षा देवी(92.66%), चौथे स्थान पर हिमांशु त्रिपाठी (92.16%) पांचवें स्थान पर आयुष यादव (92%) , अलका यादव (92%) अनमोल सिंह (92%), आयुष पाल (92), छठे स्थान पर वरद राज सिंह (91.66), सातवें स्थान पर सुशांत शुक्ला (91.33), आठवें स्थान पर अंशुल द्विवेदी (91.16), नावां स्थान पर इशांत पाण्डेय (91%), दशवें स्थान पर अदिति सिंह,(90.66) अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान विनोद कुमार सिंह , एवं सभी आचार्य बंधुओं द्वारा सभी भैया–बहनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।







# भारतीय शिक्षा समिति, उ.प्र.

## अवध प्रान्त

सरस्वती कुन्ज निरालानगर, लखनऊ